खबर संक्षेप

मां शारदा मंदिर तिगवां से आज निकलेगी कावड़ यात्रा

स्लीमनाबाद। पवित्र सावन माह चल रहा है। आज माह के तीसरे सोमवार को नागपंचमी का पावन पर्व का संयोग भी है। इस पावन शुभ योग पर विशाल शिव शारदा कावड़ यात्रा निकलेगी। शिव शारदा कावड़ यात्रा प्रसिद्ध माँ शारदा मंदिर तिंगवा से सुबह 9 बजे प्रारम्भ होगी ओर 12 बजे प्रसिद्ध रूपनाथ पहुंचेगी जहाँ कांवड़ियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जायेगा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति ने सभी धर्मावलबियों से कावड़ यात्रा मे शामिल होने का आग्रह किया है।

जीआरएस निलंबित, उपयंत्री के 10 दिन की पारिश्रमिक कटौती

कटनी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने शासकीय कार्यों के दौरान दायित्वों और कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बिचुआ के ग्राम रोजगार सहायक अजीत जायसवाल एवं उपयंत्री पंकज शुक्ला के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की है। जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बिचुआ के ग्राम रोजगार सहायक अजीत जायसवाल एवं उपयंत्री पंकज शुक्ला द्वारा आवास प्लस सर्वे 2.0 की सर्वे सूची में अपात्र व्यक्तियों के नाम जोड़े जाने की शिकायत प्राप्त होने पर गठित जांच दल द्वारा शिकायत की जांच कराई गई। कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। दोनों सर्वेयर द्वारा शासन के नियमों की अनदेखी करते हुए सर्वे कार्य किया जाना पाया गया। पात्र व्यक्तियों के साथ-साथ अपात्र व्यक्तियों के नाम भी सर्वे सूची में शामिल किया जाना पाया। सीईओ सुश्री कौर ने अजीत जायसवाल को शासकीय कार्य से विरत करते हुए जनपद पंचायत बहोरीबंद में तत्काल प्रभाव से संलग्न किया है। इन्हें 50% पारिश्रमिक देय होगा। इसी प्रकार उपयंत्री पंकज शुक्ला के 10 दिन का पारिश्रमिक स्थाई रूप से काटे जाने का आदेश किया है।

जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया आजादी का पर्व, पुरस्कारों का किया सम्मानित

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया देशभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

देश की स्वतंत्रता का 80वां पर्व 15 अगस्त को जिले भर में हर्षोल्लास, धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर जिले का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में आयोजित किया गया। जहां भव्य एवं गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।

ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य अतिथि कलेक्टर ने खुली सफेद जिप्सी में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के साथ परेड का निरीक्षण किया। सशस्त्र बलों द्वारा हर्ष फायर किया गया और पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। कलेक्टर श्री तिवारी ने तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे गगन में मुक्त किए।

समारोह में सुरक्षा बलों द्वारा आकर्षक और शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक संजीव कुमार रावत और सेकेण्ड इन कमांडर रक्षित निरीक्षक श्रीमती अंजू लकड़ा के नेतृत्व में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), जिला होमगार्ड बल, शासकीय कन्या महाविद्यालय की एनसीसी गर्ल्स, वार्डस्ले स्कूल एनसीसी, सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वार्डस्ले सीनियर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल माधवनगर के स्कूल के स्काउट एवं गाइड्स सहित पुलिस बैंड दल, शौर्य दल शामिल रहे।

उत्कृष्ट परेड पर ये हुए पुरस्कृत

समारोह स्थल में निर्णायक मंडल द्वारा दिये गए निर्णय के आधार पर परेड ग्रुप ए में जिला पुलिस बल (महिला) को प्रथम, जिला पुलिस बल (पुरूष) एवं जिला होमगार्ड को संयुक्त रूप से द्वितीय एवं विशेष सशस्त्र पुलिस बल को तृतीय स्थान मिला। वहीं परेड ग्रुप बी में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झिंझरी के ब्यॉयज स्काउट दल को प्रथम, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर के ब्यॉयज स्काउट दल को द्वितीय एवं वार्डस्ले इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की गर्ल्स गाइड को तृतीय स्थान मिला।

आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा समूह नृत्य प्रतियोगिता में आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर सरसवाही को प्रथम स्थान, वार्डस्ले इंग्लिस मीडियम स्कूल को द्वितीय स्थान और सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी को तृतीय स्थान मिला। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों से परिचय प्राप्त कर उनका सम्मान किया।

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले और शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

शौर्य स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के कार्यक्रम के समापन के बाद कलेक्टर श्री तिवारी और पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने झिंझरी स्थित अमर शहीदों के शौर्य स्मारक में पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों के बलिदान का पुण्य स्मरण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा राष्ट्र गीत वंदेमातरम के गायन के साथ हुआ। इसके पश्चात कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता श्री राजेन्द्र असाटी ने किया।

मोटर साइकिल सवार 3 तस्करों को दबोचा, सवा दो किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार तीन आरोपियों को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। देहात भ्रमण के दौरान ग्राम पठरा के पास तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल पर संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस को देखकर तीनों भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम शिव कुमार चौधरी पिता लखनलाल चौधरी, उम्र 37 वर्ष, निवासी पहरिया, राजकुमार चौधरी पिता हुन्नी चौधरी, उम्र 46 वर्ष, निवासी मोहास तथा धर्मेन्द्र कुमार चौधरी पिता सुदामा चौधरी, उम्र 40 वर्ष, निवासी मोहास, थाना बड़वारा, जिला कटनी बताए।

पुलिस ने स्वतंत्र साक्षियों की मौजूदगी में टीवीएस अपाचे मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 21 एमपी 0281 की तलाशी ली। मोटर साइकिल में टंगे सफेद-लाल रंग के थैले से 2 किलो 330 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा एवं मोटरसाइकिल सहित करीब 1 लाख 55 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया।पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। पुलिस द्वारा जब्त गांजे के संबंध में आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी से जुड़े अन्य लोगों एवं स्रोत की जानकारी जुटाई जा रही है।

कार्रवाई में बड़वारा थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, उप निरीक्षक विष्णुशंकर जायसवाल, प्रधान आरक्षक पवनराज, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र चढ़ार, प्रधान आरक्षक नीतेश डोंगरे, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी एवं आरक्षक बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही।

अद्भुत रहस्यों को संजोय है कुंआ का 114 साल पुराना शेषनाग मंदिर

जिले के इकलौते शेषनाग मंदिर में नागपंचमी पर उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जिले का इकलौता शेषनाग मंदिर ग्राम पंचायत कुआँ मैं स्थित है जो अपने अद्भुत रहस्यों को आज भी संजोय है।यहां तो वैसे प्रतिदिन जिसे सर्प डसता है वो मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना करते है लेकिन नागपंचमी के दिन प्रदेश के कई जिलों से लोग पहुँचते है व काल सर्प दोष मुक्ति के लिए पूजा-अर्चना करते है।शेषनाग मंदिर के पुजारी राममिलन नायक ने बताया कि कुआँ स्थित शेषनाग मंदिर

जिले का इकलौता शेषनाग मंदिर है।यहां सर्प डसने से पीड़ति लोग बड़ी संख्या मे पहुँचते है।साथ ही जिन्हें काल सर्प दोष होता है उन्हें भी काल सर्प दोष से मुक्ति मिलती है।वैसे तो प्रतिदिन लोगो का आना-जाना मंदिर मे लगा रहता है लेकिन नागपंचमी पर प्रदेश के कई जिलों से लोग अपनी मन्नतों को लेकर पहुँचते है।लोग पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करते है।साथ ही काल सर्प दोष निवारण के लिए भी विशेष पूजा होगी। शेषनाग मंदिर पहुँचने के लिये बहोरीबंद, सिहोरा व स्लीमनाबाद मार्ग से सीधे वाहन आते है,जो सीधे कुआँ ग्राम पहुँचते है।पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया किहिंदू धर्म में नागपंचमी पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व हर वर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन नागों की पूजा- अर्चना की जाती है। दरअसल भोलेनाथ गले में नाग देवता को धारण करते हैं। इसलिए मान्यता है जो भी व्यक्ति आज के दिन नाग देवता की पूजा करता है, भगवान महादेव उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।नाग पंचमी का पर्व 17 अगस्त सोमवार को मनाया जाएगा। वहीं इस दिन कई शुभ योग भी बन रहे है। इस वर्ष नाग पंचमी तिथि पर शिव योग का बेहद शुभ संयोग बन रहा है। साथ ही 17 अगस्त को सावन माह का तीसरा सोमवार होने के कारण इस बार नागपंचमी का महत्व ओर भी बढ़ गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस योग में नाग पंचमी के दिन पूजा-पाठ और मंत्रों का जाप करना बहुत ही फलदायी साबित होता है। आज नागपंचमी पर बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे अलसुबह से लोग नागदेवता की पूजा अर्चना करने के साथ सर्पों को दूध अर्पित करेंगे।मंदिरों मैं विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

मोबाइल और 9 हजार रुपये लेकर भागे बदमाश को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान के साप्ताहिक बाजार में भीड़ का फायदा उठाकर महिला के हाथ से पॉलीथिन झपटकर मोबाइल और नगदी लेकर फरार हुए आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से झपटा गया मोबाइल फोन और 9 हजार रुपये बरामद किए हैं। कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल ने बताया कि बीते 9 अगस्त 2026 की शाम करीब 5:30 बजे उमरियापान

के साप्ताहिक बाजार में दुर्गावती पटेल खरीदारी कर रही थीं। इसी दौरान एक युवक हाथ से पॉलीथिन झपटकर मौके से फरार हो गया। पॉलीथिन में रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन और 9 हजार रुपये रखे हुए थे। महिला की शिकायत पर उमरियापान पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के गूंड़ा निवासी धनेन्द्र पिता जानकी प्रसाद लोनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में युवक ने झपटमारी की घटना करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने झपटा गया रेडमी मोबाइल फोन और 9 हजार रुपये बरामद कर लिए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

खबर संक्षेप

हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

कटनी। बहोरीबंद थाना क्षेत्र के नीमखेड़ा मोड़ के पास शनिवार को तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक सड़क के दूसरी ओर जाकर सामने से आ रही कार से जा भिड़े। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार एक युवक उछलकर करीब 50 फीट दूर जा गिरा। 15 अगस्त की सुबह करीब 7 बजे इस हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बहोरीबंद थाना के ग्राम मसन्धा निवासी घायल युवक ने राहगीरों के सामने ही कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। वहीं बाइक सवार दूसरा युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बाइक सवार बहोरीबंद से सिहोरा की तरफ आ रहे थे जबकि कार सवार सभी लोग कुंडलपुर दर्शन को जा रहे थे। हादसा इतना तेज था कि कार के एयरबैग तक खुल गए थे, जबकि कार सवार ने बचाने के प्रयास में कार को सड़क के नीचे उतार लिया था । टक्कर में बाइक और कार के अगले हिस्से में भारी क्षति पहुंची है। घटना की सूचना मिलने पर बहोरीबंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक एवं घायल युवक की पहचान तथा हादसे के कारणों की जानकारी पुलिस जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

दो आरोपियों से 6 चाकू किये गये जब्त

कटनी। कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष चैकिंग अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, लॉज, ढाबों सहित संवेदनशील और सुनसान स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। अभियान के दौरान खिरहनी फाटक रेलवे पुलिया के पास पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़कर उनके कब्जे से छह धारदार चाकू बरामद किए।पुलिस के अनुसार, थाना मोबाइल वाहन खिरहनी फाटक क्षेत्र में भ्रमण कर रहा था। इसी दौरान पुलिया के पास दो युवक बैठे दिखाई दिए। पुलिस वाहन को देखकर दोनों भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर 19 वर्षीय सत्यम विश्वकर्मा निवासी चंडिका नगर के कब्जे से चार चाकू, जबकि 16 वर्षीय विधिउल्लंघनकारी बालक के कब्जे से दो चाकू बरामद हुए। बरामद चाकुओं में दो बटनदार, दो धारदार तथा एक-एक आरीनुमा चाकू शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। कार्रवाई में एसआई कुलदीप सिंह, एएसआई प्रहलाद पैकरा, आरक्षक अमित सिंह एवं उपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

बाबा हरिदास के पुजारी गुलाब यादव का निधन

स्लीमनाबाद। भगवान श्रीकृष्ण के अनुयायी स्वामी बाबा हरिदास

मंदिर ग्राम कोहका के पुजारी गुलाब यादव (गुल्ला पंडा)का देवलोक गमन 70 वर्ष की आयु मे हो गया। उनके निधन की ख़बर फैलते ही बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार रविवार को कोहका स्थित उनके पैतृक मुक्तिधाम मे किया गया।

शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, विद्यालयों में हुआ ध्वजारोहण, आकर्षक झांकियों ने उपस्थितों का मन मोहा

उत्साह से मनाया गया आजादी का पर्व, शान से लहराया तिरंगा

अहरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा नगर में 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पूरा बड़वारा नगर एवम समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में गरिमामय एवम उल्लास पूर्ण माहौल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस शुभ अवसर पर बड़वारा नगर में स्थित समस्त शासकीय एबम अशासकीय कार्यालयों में विद्युत की रोशनी से जगमगाहट बनाकर सजावट की गई। तिरंगे के रंग से सम्पूर्ण बड़वारा नगर में सजावट की गई।

बड़वारा नगर में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय के प्राचार्य चंदन सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवम राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंचासीन अतिथियों ने छात्र छात्राओं को उनकी मनोहारी प्रस्तुति पर पुरष्कृत किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा जनप्रतिनिधियों एवम गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शारदा मॉडल स्कूल

बड़वारा नगर में संचालित शारदा मॉडल हायर सेकेंड्री स्कूल में स्कूल के संचालक डॉ बीपी द्विवेदी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व ध्वज को सलामी दी। इसके पश्चात राष्ट्रीय गान किया गया।स्कूल के प्राचार्य सतीश द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमे यह आजादी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से मिली अमूल्य विरासत है। लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव तथा देश की एकता अखंडता को मजबूत बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के द्वारा देश भक्ति से पूर्ण राष्ट्र गीत एवम भाषण प्रस्तुत किये गए।

बसाड़ी हायर सेकेंड्री स्कूल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाड़ी में विद्यालय के प्राचार्य जे.एल. बुनकर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवम राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी गई। शहीदों की शहादत की नमन किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकृमों की प्रस्तुति पेस की गई। सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। गणमान्य जनों ने छात्र छात्राओं की प्रस्तुति पर पुरष्कृत किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद व लड्डू वितरित किये गए। देखो बीर जवानों अपने खून पे ये इल्जाम न आये मां न कहे कि वक्त पड़ा तो मेरे बेटे काम न आये के ओजस्वी गीत पर उपस्थित जनों की आँखें नम हो गईं। कार्यक्रम के अंत मे मीठा वितरण किया गया।

भुड़सा स्कूल में हुआ ध्वजारोहण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवम राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।इस दौरान विद्यालय के संकुल प्राचार्य सीबी परस्ते एवम समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। छात्र छात्राओं के द्वारा गीत भाषण प्रस्तुत किये गए। सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

ग्राम पंचायत बड़वारा

बड़वारा ग्राम में ग्राम की सरपंच श्रीमती सुनैना बाई तेकाम ने ध्वजारोहण किया व राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस दौरान उपसरपंच अनुराग गुप्ता, पँचायत सचिव नरेश यादव, सह सचिव भोलू पटेल, ओमकार सिंह एवम समस्त पंच उपस्थित रहे। सभी को प्रसाद वितरित की गई।

कछारी पँचायत में ध्वजारोहण

ग्राम पंचायत में ग्राम की सरपंच श्रीमती भारती नीलेन्द्र सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवम ध्वज को सलामी दी गई। इस दौरान पँचायत सचिव कौशल पाठक,सहायक सचिव विनय सिंह सोलंकी तथा ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक व समाजसेवी नीलेन्द्र सिंह की उपस्थिति रही। पँचायत कार्यालय में साज सज्जा की गई व प्रसाद वितरण किया गया।

ग्राम पंचायत नन्हवारा सेझा

ग्राम पंचायत नन्हवारा सेझा में ग्राम की सरपंच श्रीमती कुसुम देवी दुबे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवम ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर पँचायत सचिव राम भरोसे सेन एवम सहायक सचिव रवि कोल तथा समस्त पंच गणों एवम गणमान्य जनों में सुधीर दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बिजौरी पँचायत में ध्वजारोहण

ग्राम पंचायत बिजौरी में ग्राम के सरपंच पारस सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।इस पावन अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव तिलक राज सिंह, सहायक सचिव हीरा सिंह एवम समस्त पंच गणों की उपस्थिति रही। अंत मे सभी को लड्डू व प्रसाद बितरण किया गया।

ग्राम पंचायत लखाखेरा व पनसोखर

ग्राम पंचायत लखाखेरा में ग्राम की सरपंच श्रीमती पूजा दाहिया के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम ध्वज को सलामी दी गई। इस दौरान पँचायत सचिव सुदामा विश्वकर्मा, समस्त पंचगण तथा गणमान्य जन मौजूद रहे। प्रसाद व बूंदी वितरण किया गया। इसी तरह पंचायत पनसोखर में ग्राम के सरपंच अरविंद साहू के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर पँचायत सचिव उत्तम सिंह, सहायक सचिव विनय सिंह सोलंकी एवम गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा निकाली गई नवांकुर सखी हरियाली यात्रा

बीजों का संरक्षण कर पौधे तैयार करेंगी महिलाएं, विशेष अवसरों पर किया जायेगा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने 'नवांकुर योजना' के अंतर्गत पंजीकृत नवांकुर सखी के माध्यम से 'नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा' का सफल आयोजन किया गया। 12 अगस्त से बहोरीबंद विकासखंड की ग्राम पंचायत बाकल से शुरू की गईं हरियाली यात्रा का समापन 17 अगस्त को होगा। बाकल मे आयोजित हरियाली यात्रा नवांकुर संस्था आयुष जनकल्याण सेवा समिति पटना मढ़ियि द्वारा आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे बस स्टेंड स्थित शिव मंदिर मे नवांकुर सखियों द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन के साथ हुई!जिसमें ग्रामवासियों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने अपील की है कि महिलाएं अपने घरों में पौधे तैयार करें और उन्हें बच्चों के जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगाँठ पर लगाएं।माता-बहनों के द्वारा पौधा रोपित कर धरती माता का हरितमय श्रंगार होगा। कलश यात्रा के रूप में पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश पूजन से किया गया, इसके बाद संरक्षण की शपथ के साथ महिलाओं को पौधे प्रदान किए गए। विकासखंड समन्वयक ने 'नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा' कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। महिलाओं को बीज रोपित थैलियां वितरित की जा रही हैं, जिनमें बीजों का संरक्षण कर पौधे तैयार किए जाएंगे और उन्हें विशेष अवसरों पर रोपित किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान नवांकुर सखियों को पौधे और अंकुरित बेल बीजों का वितरण भी किया गया।परामर्श दाता अवधेश बैरागी ने बताया कि हरियाली अमावस्या से हरियाली यात्रा का आगाज हुआ। प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में चयनित की गई हैं, जो 11 अंकुरित पौधे को तैयार करेंगी और बाद में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत उन्हें शासकीय या निजी भूमि पर रोपेंगी।वही उमा अवस्थी ने महिलाओं के सशक्तिकरण तथा बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रमों में प्रवेश के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

ननि कार्यालय में महापौर ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम कार्यालय परिसर में प्रातः 8 बजे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी बोध कराती है। हमें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए शहर के विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और कटनी शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे। सामूहिक प्रयासों से ही शहर को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

निगमायुक्त ने कहा कि हमें प्रतिदिन स्वयं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पालन करते हुए नागरिकों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने कार्यों के माध्यम से शासन की योजनाओं और विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन कर शहर, प्रदेश और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं प्रगति के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन निगम परिसर में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश देता हुआ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन जागेश्वर प्रसाद पाठक एवं आभार प्रदर्शन उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने किया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, आदेश जैन, मृदुल मिश्रा मौजूद रहे।

हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। विभिन्न शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और राष्ट्रगान का गायन हुआ। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने विधानसभा क्षेत्र की कनौजा पंचायत में ध्वजारोहण किया। वहीं ढीमरखेड़ा व्यवहार न्यायालय में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

उमरियापान नगर के झंडा चौक पर पं. मौजीलाल पौराणिक, ग्राम पंचायत में सरपंच अटल ब्यौहार, थाना परिसर में थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल, सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य मुकेश पटेल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य दिलीप बाजपेयी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ. बी.के. प्रसाद तथा वन विभाग में रेंजर सचिन यादव ने ध्वजारोहण किया।

उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे, ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में प्राचार्य बृजलाल अहिरवार और सिलौड़ी महाविद्यालय में प्राचार्य रतिराम अहिरवार ने ध्वजारोहण किया। क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रमों के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व तथा देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया। शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विधायक व कलेक्टर ने किया रोबोटिक्स लैब का निरीक्षण

रोबोटिक्स लैब से विद्यार्थियों में विकसित हो आधुनिक एवं वैज्ञानिक सोच : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुडवारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल और कलेक्टर आशीष तिवारी ने निषाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट वार्ड, कटनी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने विद्यालय में स्थापित रोबोटिक्स लैब का अवलोकन कर विद्यार्थियों को उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं की जानकारी ली।

इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि रोबोटिक्स लैब में थ्री-डी प्रिंटर, बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर ड्राइवर्स एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विस सहित विभिन्न आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। इन उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी एवं इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। इससे विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता विकसित होने के साथ ही भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसरों की समझ भी विकसित होगी। कलेक्टर ने कहा कि रोबोटिक्स लैब केवल उपकरणों तक सीमित न रहे, बल्कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों में आधुनिक तकनीक, नवाचार और वैज्ञानिक सोच विकसित होनी चाहिए। बच्चों को रोबोटिक्स की शिक्षा व्यावहारिक एवं सरल तरीके से दी जाए, ताकि वे नई तकनीकों को बेहतर ढंग से समझ सकें और उनका रचनात्मक उपयोग कर सकें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि रोबोटिक्स शिक्षा के लिए कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें प्रयोग करने और नई चीजें सीखने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि लैब का विद्यार्थियों को अधिकतम लाभ मिल सके। कलेक्टर ने विद्यालय भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिलनी चाहिए तथा विद्यालयों में आवश्यकतानुसार आधुनिक एवं सुविधायुक्त अधोसंरचना उपलब्ध कराई जाए।

स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया स्वतंत्रता पर्व

आन -बान -शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति के गूंजे के तराने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

तहसील क्षेत्र भर में 80 वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय एवं उल्लास पूर्ण माहौल मैं मनाया गया।ग्राम पंचायत भवन मैं सरपंच संगीता महोबिया, महाविद्यालय मैं प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय,थाना मैं थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा, एसडीओपी कार्यालय मैं एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, विद्युत कार्यालय मैं सहायक अभियंता दिलदार डाबर ,पीएचई कार्यालय में एसडीओ मोहित तिवारी,शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मे प्राचार्य डी के ठाकुर, छात्रावास में अधीक्षिका सपना दीवान, सरकारी अस्पताल मे डॉ शिवम दुबे ,तहसील कार्यालय मैं तहसीलदार आकाशदीप नामदेव तोंवही ग्राम पंचायतो मैं सरपंचो के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

शासकीय हाई सेकेण्डरी स्कूल धूरी मै गरिमा चन्द्रवंशी,बंधी स्टेशन मे प्राचार्य गंगाराम राजपाल, छपरा हाईस्कूल मे प्राचार्य विनय हल्दकार, पीएमश्री शासकीय हाईस्कूल सलैया फाटक मे प्राचार्य वीरेंद्र हल्दकार,ज्ञान मंगलम मै प्राचार्या सोहनी जैन, महर्षि विद्या मंदिर मै प्राचार्या प्रीति मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ अन्य सरकारी व निजी संस्थानों मैं 80 वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय व उल्लास पूर्ण तरीके से मनाया गया।

विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

तहसील स्तरीय कार्यक्रम गांधी चौक स्लीमनाबाद मैं आयोजित हुआ जहां विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।देशभक्ति के साथ भक्ति के तराने गूंजे। अतिथियों के द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।वही कक्षा दसवीं व 12 वी मे सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभ भारत गैस एजेंसी के संचालक संजय जैन के द्वारा 5100-5100 रूपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान संजय जैन ने कहा देश के महान सपूतों और शहीदों के बलिदान के कारण आज हम गणतंत्र के अमृतकाल के साक्षी बन रहे हैं। यह गणतंत्र अनादिकाल तक चलता रहे, इसके लिए हम सब को समर्पण और कर्तव्यनिष्ठ होना होगा। उन्होंने स्वच्छता का महत्व समझाते हुए आव्हान किया कि हमें सब कुछ देने वाली धरती मां को स्वच्छ और सुंदर रखें। यह भी देश सेवा का ही एक रूप होगा। इस दौरान सरपंच संगीता गुड्डन सिंह,जन शिक्षक अखिलेश पांडेय,प्राचार्य डी के ठाकुर,सविनय तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

आन-बान- शान से लहराया तिरंगा

बहोरीबंद विकासखण्ड मुख्यालय मैं 80 वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय व उल्लास पूर्ण माहौल मैं मनाया गया। जनपद पंचायत कार्यालय मैं जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल,एसडीएम कार्यालय मैं एसडीएम प्रदीप मिश्रा , कृषि विभाग मैं एसएडीओ अमर सिंह एमा, परियोजना कार्यालय मैं परियोजना अधिकारी सतीश पटेल,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार,पशु अस्पताल मे डॉ नेहा श्रेवस्वर,महावीर उत्कृष्ट विद्यालय मै प्राचार्य महेंद्र राय, सांदीपनी स्कूल मे प्राचार्या संगीता राय ने ध्वजारोहण किया ।इसके साथ ही सरकारी व निजी स्कूलों मैं भी आन-बान-शान से तिरंगा लहराया।

पंचायतों में ध्वजारोहण, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान

ग्राम पंचायतो में सरपंचो ने ध्वजारोहण किया।विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत बहोरीबंद कार्यालय में आयोजित हुआ पंचायत विभाग अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

मसंधा खिरका भटवा में मिला कंकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बाकल थाना क्षेत्र के ग्राम मसंधा के खिरका भटवा में अज्ञात व्यक्ति का कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के नेतृत्व में बाकल थाना प्रभारी दिनेश तिवारी पुलिस मौके पर पहुंची।वही घटनास्थल पर बहोरीबंद थाना प्रभारी सुदेश कुमार व एफएसएल और डॉग स्क्वाड की टीम ने भी जांच की। पुलिस को मौके पर सिर्फ हड्डियों का ढांचा मिला। कंकाल के पास से बरामद शर्ट और बनियान को देखकर झरोली निवासी लापता प्रहलाद सिंह राजपूत के परिजनों ने कपड़ों की पहचान प्रहलाद के रूप में की है। बताया जा रहा है कि प्रहलाद सिंह राजपूत 2 अगस्त से लापता हैं। बहोरीबंद थाने में 4 अगस्त को गुमशुदगी उसकी पत्नी के द्वारा दर्ज कराई गई है। खास बात यह है कि प्रहलाद के मोबाइल की सिम भी कंकाल मिलने वाले स्थान से कुछ दूरी पर बरामद हुई थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि बरामद कंकाल प्रहलाद सिंह का हो सकता है। हालांकि पुलिस ने अभी कंकाल की आधिकारिक पहचान नहीं की है। कंकाल किसका है और यह कितने समय पुराना है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम, फोरेंसिक जांच और डीएनए टेस्ट के बाद ही हो सकेगा।

एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने बताया कि बाकल थाना क्षेत्र के मसंधा के पास एक अज्ञात व्यक्ति का कंकाल मिला है। कंकाल का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फोरेंसिक रिपोर्ट और डीएनए जांच के बाद ही कंकाल की पहचान स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और सभी की निगाहें फोरेंसिक तथा डीएनए रिपोर्ट पर टिकी हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि कंकाल लापता प्रहलाद सिंह राजपूत का है या नहीं।

ग्राम पंचायत वर्धा ज.पं हटा
स्वतंत्रता दिवस पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डीलन सींग-सचिव
दरबारी अहिरवार - रो. सहायक
धीरज आदिवासी सरपंच

ग्राम पंचायत पाली, ज.पं हटा
स्वतंत्रता दिवस पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष पटैल - सचिव एवं समस्त पंचगण
श्रीमति चंदा/किशोर सिंह यादव - सरपंच

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
हर घर तिरंगा

ज्ञान प्रकाश कपिल
सचिव - हटा कृषि उपज मंडी

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

विजय प्यासी
संकुल प्राचार्य
शास. हायर सेकेंडरी स्कूल कांटी हटा एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ओ एस राजपूत
प्राचार्य
शासकीय हाईस्कूल लिधौरा विख बटियागढ़..

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

जागेश्वर नामदेव सचिव
पं कमल दुबे सरपंच - ग्राम पंचायत रसीलपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

मनोज कुमार सेन
प्राचार्य
शास. नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
हर घर तिरंगा

श्रीमति ऋचा चौबे
प्राचार्य
शासकीय संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल हटा एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

विक्रम चौधरी
वन परिक्षेत्र अधिकारी, दमोह

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ कामता प्रसाद पटैल
उपसंचालक
पशुपालन डेयरी विभाग दमोह

आनंद कलादगी
पुलिस अधीक्षक

कृष्णपाल सिंह
एसडीओपी
हर घर तिरंगा
स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आपकी सेवा में तत्पर
हटा पुलिस

सुधीर कुमार बेगी
थाना प्रभारी
थाना हटा जिला दमोह
थाना क्षेत्र में अमन चैन, शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु अपराध की सूचना तत्काल दें।
महिलाएं अपराधों के प्रति जागरूक रहे
महिलाओं का सम्मान करें
विषम परिस्थितियों में 112 डायल करें।

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त
नगरपालिका परिषद हटा
सजग, स्वच्छ, विकसित हटा

राजेन्द्र खरे मु.न.पा. अधिकारी
शैलेन्द्र खटीक अध्यक्ष
प्रशांत पाठक उपाध्यक्ष
हमारा संकल्प – स्वच्छ हटा, सुंदर हटा, विकसित हटा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत मझौली, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
कु. पूजा राजपूत सरपंच
दुर्गा दुबे सचिव
प्रकाश सिंह लोधी सह सचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत कोटा, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
पूरन कोरी सरपंच
प्रहलाद खंगार सचिव
एवं समस्त पंचगण
सह सचिव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत नयागांव, ज.पं. पटेरा जि दमोह
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
भगवानदास खंगार सरपंच
नेपाल सिंह सचिव
इरफान खान सहसचिव
धर्मराज पटेल रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
हर घर तिरंगा

पं मुकेश चौबे प्राचार्य
शासकीय हाई स्कूल रसीलपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत लुहारी, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
श्रीमति कल्पना लोधी सरपंच
सुनील मिश्रा सचिव
घनश्याम दहायक सह सचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत रमगढ़ा, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
रामेश्वर राय सह सचिव
डॉ. टी.आर. पटैल सरपंच
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत मुआरी, ज.पं. पटेरा जि दमोह
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
अवधरानी अहिरवार सरपंच
लक्खू अहिरवार सचिव
अन्नू अहिरवार सहसचिव
एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत देवरा जामशा ज.पं हटा
स्वतंत्रता दिवस पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

पं दशरथ मिश्रा - सचिव
नारायण प्रसाद नेतराम पटैल सरपंच

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत दतिया, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
श्रीमति रेखा गौंड़ सरपंच
जयप्रकाश दुबे सचिव
संतोष कुमार पांडे सहसचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत देवडोंगरा, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
श्रीमति कमलेशरानी/ गनेश सिंह सरपंच
प्रहलाद खंगार सचिव
प्रशांत श्रीवास्तव सह सचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत खमरिया, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
राजकुमार गौंड़ सरपंच
नरेंद्र सिंह लोधी सचिव
संजय प्यासी सहसचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत महुआखेड़ा
जपं पटेरा जिला दमोह
श्रीमति सरोजरानी दुबे - सरपंच
आशीष सिंह राजपूत - सचिव
शारदा खंगार - सह सचिव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत तिंदनी, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
श्रीमति गिरजाबाई सरपंच
वीरेंद्र यादव सचिव
योगेश शुक्ला सह सचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत सगौनी, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
श्रीमति संतोषरानी सोनी सरपंच
मुन्ना सिंह सचिव
प्रमोद मेहरा सह सचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत इमलिया
जपं पटेरा जिला दमोह
किशना अहिरवार - सरपंच
ललित पौराणिक - सचिव
हरिनारायण दुबे - सह सचिव

हर घर तिरंगा
स्वतंत्रता दिवस पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

नरेन्द्र यादव
शासकीय ठेकेदार, हटा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत वनगांव, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
श्रीमति गौराबाई प्रजापति सरपंच
विजय सिंह लोधी सचिव
विजय सिंह लोधी सह सचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत देवरीरतन, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
श्रीमति भारती राजपूत सरपंच
धरमदास पटैल सचिव
वीरन चक्रवर्ती सहसचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत जमुनिया, ज.पं. पटेरा
ग्राम पंचायत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर
श्रीमति लक्ष्मीरानी सरपंच
वीरेंद्र सिंह सचिव
हजारी प्रसाद दुबे सह सचिव
एवं समस्त पंचगण

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रज्ञा शर्मा
अधीक्षक
शासकीय बालिका छात्रावास हिनौताकलां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
एम के जैन
प्राचार्य
हाई स्कूल कुड़ई
हर घर तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
सुखनंदन पटेल
प्राचार्य
हाई स्कूल बिलाखुर्द
हर घर तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राजेन्द्र जैन
प्राचार्य
हाई स्कूल बिलगुवां
हर घर तिरंगा

80वें स्वतंत्रता दिवस हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय दमोह की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापन दाताओं व मित्रों को हार्दिक बधाई
डिजाईन - नमन बजाज
घनश्याम प्रजापति, हीरा सींग नेता, रामअवतार पाली, सुजात खान, कृष्णगोपाल श्रीवास्तव, श्याम नायक, मंजीत राज, रेवाराम सेन, सत्येन्द्र जैन, संतोष मोदी, जफर अली प्रमोद तिवारी, गुलाम राय, बबलू खान, ओमप्रकाश शर्मा, निवेश जैन, विशाल रजक मुकेश जैन, डॉ रामनिलन विश्वकर्मा, सत्येंद्र विश्वकर्मा एवं समस्त साथी जिला दमोह

नरेन्द्र जैन बजाज
ब्यूरो प्रमुख
कार्यालय- टंडल पेट्रोल पंप के पीछे, बस स्टेण्ड के समीप दमोह
जिले में रिक्त स्थानों पर हरिभूमि की एजेंसी देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें- 9425095905,9630411556

स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया ध्वजारोहण

बारिश के बीच भी दिखा देशभक्ति का जज्बा हर्षोल्लास से मनाया गया आजादी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तहसील मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में प्रदेशवासियों एवं दमोह जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दमोह में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का श्रवण किया।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि आज दमोह में ध्वजारोहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उद्बोधन सभी ने सुना। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह में दमोह जिले की उपलब्धियों को भी प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि जब हम विकसित भारत की बात करते हैं, तो आने वाले समय में दमोह जिले का योगदान भी महत्वपूर्ण रहेगा। इसी भावना के साथ जिले में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। यह दर्शाता है कि जिले के लोगों में देशभक्ति की भावना कितनी प्रबल है। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

श्री लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत जिलेवासियों ने अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराया। लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा की और 'वंदे मातरम्' का संदेश दिया। उन्होंने कहा स्वतंत्रता दिवस से पहले और स्वतंत्रता दिवस के दिन तक चले इस अभियान से पूरे जिले में देशभक्ति और राष्ट्रभक्ति का वातावरण बना रहा।

राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी ने पुलिस-प्रशासन और विभिन्न विभागो के अधिकारियों-कर्मचारियों को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक जयंत मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव और पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि मौजूद रहे।

इस अवसर पर राज्यमंत्री व सांसद ने लोकतंत्र सेनानियो का माला पहनाकर और साल श्री फल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न वद्यिालयों के करीब 1500 छात्र-छात्राओं नें सामूहिक पी.टी/ व्यायाम प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय और सेंट नार्बट स्कूल के छात्रो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुती के दौरान तेज वर्षा से बाधित हुआ इनके उत्साहवर्धन अतिथियो और अधिकारियों द्वारा किया गया और कार्यक्रम बीच में रोक अपने पास बुला लिया गया।

जिला स्तरीय मुख्य समारोह आज रात से हो रही तेज और मध्यम बारिश का कोई असर नही हुआ। छात्रो, युवाओं और बुजुर्गो में स्वतंत्र दिवस का उत्साह देखते ही बनता था, बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में आमजनो, छात्रों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। मुख्य समारोह का कार्यक्रम पूरे निर्धारित समय तक चला।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव संदेश के प्रसारण हेतु एलईडी की व्यवस्था की गई थी। जिसे यहां मुख्य अतिथि, अतिथियो और उपस्थित अपार जन समूह ने देखा व सुना। इस दौरान भोपाल में आयोजित मुख्य समारोह के कार्यक्रमो की झलके भी लोगो नें देखी व सुनी।

इस अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में प्रिंसिपल जिला न्यायधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी एवं अन्य न्यायधीशगण, सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, पूर्व विधायक पी.एल तंतुवाय, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, भाव सिंह मासाब, गौरव पटेल, विद्यासागर पांडे, रमन खत्री, गोपाल पटेल, महेश पटेल, संजय यादव, राघवेन्द्र सिंह परिहार, श्री यादव, भरत यादव, डॉ. आलोक गोस्वामी, वर्षा रैकवार, ऋतु पांडे, प्रिंस जैन, अखिलेश हजारी, मालती असाटी, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, डीएफओ ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडीशनल कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी, एसडीएम सौरभ गंधर्व सहित कार्यक्रम का संचालन डॉ. आलोक सोनवलकर, पं. विपिन चौबे और सुनील जैन वैजेटेरियन नें किया।

माईसेम सीमेंट ने 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

माईसेम सीमेंट स्टाफ क्लब के तत्वावधान में 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्टाफ कॉलोनी में 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता माईसेम सीमेंट के क्लस्टर हेड सुरेश दुबे ने की। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों एवं देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में माईसेम सीमेंट परिवार के पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और पूरा परिसर भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। अंत में प्रतिभागियों की सराहना करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

डीएवी विद्यालय में हुआ ध्वजारोहण, मेधावी छात्र सम्मानित

दमोह। हाइडलवर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड, इकाई नरसिंहगढ़ स्थित डी.ए.वी. विद्यालय में इस वर्ष का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस इकाई प्रमुख एवं विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश दुबे के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य आर. पी. कुर्मवंशी की अध्यक्षता एवं हाइडलवर्ग कंपनी से पधारे प्रमुख विभागाध्यक्षों की गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया और ध्वज को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, "हम अमर शहीदों की देशभक्ति और उनके कार्यों की सराहना करते हैं। जिस भारत में आज हम निर्बाध रूप से साँस ले रहे हैं, उसके पीछे भारत के वीर सपूतों का बलिदान है।" उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के कार्यों की सराहना की, साथ ही कंपनी कर्मियों का भी उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हाइडलवर्ग कंपनी निरंतर समाज सेवा का कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को नहीं भूलना चाहिए, बल्कि उनके इन अतुलनीय कार्यों को हमेशा याद रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय की ओर से अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट की और कंपनी के सहयोग की सराहना की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विद्यालय आने वाले समय में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। साथ ही, देश के वीर बलिदानियों को याद करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक नृत्यों, संगीत, भाषण आदि की प्रस्तुतियाँ दी गईं। वर्ष 2026 नीट परीक्षा में चयनित होने पर अंजली पटेल और शुभम सिंह ठाकुर को माननीय मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा 2026 कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र, अभिभावक, गुरुजन, विद्यालय के समस्त कर्मचारी और परिसर में निवासरत परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

गैसाबाद में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त बड़े ही धूमधाम से बनाया गया 80 वे स्वतंत्रता दिवस पर जगह-जगह राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच श्रीमती ललिता विनोद अहिरवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया ग्राम पंचायत कचहरी में श्रीमती यशोदा कुंवर नोने सिंह राजपूत ने ग्राम पंचायत बलैह में सरपंच जुगल पटेल लंबरदार ने ध्वजारोहण किया। क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने देश की आन बान शान तिरंगा झंडा को फहराकर देश के अमर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। सामुदायिक आयुष अस्पताल में डॉक्टर सोनम दुबे आयुष चिकित्सा अधिकारी ने ध्वजारोहण किया उप स्वास्थ्य केंद्र पर सीएचओ मालती पटेल ने इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में जय कुमार जैन ने अमर ज्योति स्कूल में प्रधान अध्यापक ने पुलिस थाना में थाना प्रभारी ने हाई स्कूल में प्रभारी प्राचार्य ने एवं अन्य शासकीय संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य कार्यक्रम ग्राम के हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा अपनी प्रस्तुति पेश की गई। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दाहिया द्वारा नए शिक्षा शास्त्र में जो भी विद्यार्थी 90% अंक प्राप्त करेगा। उसे 11 हजार रुपया नगद दिए जाने की घोषणा की गई, कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य संतोष तिवारी प्रधान अध्यापक रामस्वरूप चौरसिया, सरपंच प्रतिनिधि विनोद अहिरवार डॉक्टर वीके भौमिक डॉ भानु पटेल गुड्डू जैन बलराम यादव मैनेजर शराब कंपनी लक्ष्मण तिवारी मुरारी राय रणधीर दाहिया, नीलेश जैन युवा भाजपा नेता जिमी नगरिया बबलू जैन हैप्पी जैन श्री पटेल सुरेंद्र सिंह परिहार राजेश विश्वकर्मा जितेंद्र चौरसिया माजिद मज्जू ड्राइवर मक्कू खान फूल सिंह राजपूत सहित छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनो की उपस्थिति रही।

महिला सशक्तिकरण की दिखी झलक

स्वतंत्रता पर्व पर महिला सशक्तिकरण की एक झलक उस समय दिखाई थी जब दो महिला सरपंच एवं दो प्रशासनिक अधिकारी महिलाओं द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसमें गैसाबाद महिला सरपंच के रूप में श्रीमती ललिता अहिरवार एवं ग्राम पंचायत कचनारी सरपंच के रूप में श्रीमती यशोदा सिहं राजपूत और सामुदायिक आयुष विभाग से डॉक्टर सोनम दुबे एवं उप स्वास्थ्य केंद्र से CHO श्रीमती मालती पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

सीसीयू यूनिट का लोकार्पण जिले के लिए बड़ी सौगातः राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

क्रिटिकल केयर यूनिट के प्रारंभ होने से दुर्घटना में घायल मरीजों, हृदय रोग से संबंधित मरीजों तथा अन्य गंभीर एवं आपातकालीन स्थिति वाले मरीजों की व्यवस्थित देख-रेख और उपचार संभव हो सकेगा। गंभीर मरीजों को समय पर आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध होने से उन्हें बेहतर उपचार मिल सकेगा। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जिला अस्पताल परिसर में स्थित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत संरचना मिशन के अंर्तगत स्वीकृत 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर यूनिट के लोकार्पण के दौरान व्यक्त किए।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा स्वास्थ्य क्षेत्र में अभी कई कार्य किए जाना शेष हैं, लेकिन क्रिटिकल केयर यूनिट जिले के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। यह सुविधा गंभीर मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिली यह सौगात निश्चित रूप से जिलेवासियों के लिए प्रसन्नता का विषय है।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने का कहा क्रिटिकल केयर यूनिट के शुरू होने से गंभीर, दुर्घटना एवं आपातकालीन मरीजों को बेहतर और व्यवस्थित उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही दमोह में मेडिकल कॉलेज भी पूर्णता की ओर अग्रसर है, जिससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से दमोह में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ-साथ बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है। दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा स्वतंत्रता के 80 वर्ष पूरे होने पर जिले के लिए इससे बड़ी सौगात नहीं हो सकती। क्रिटिकल केयर यूनिट का शुभारंभ स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में यहां आवश्यक अन्य व्यवस्थाएं भी विकसित की जाएंगी। संबंधित अधिकारियों ने कहा कि यूनिट फंक्शनल हो चुकी है और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा जिले के नागरिको के लिए यह एक बहुत स्वर्णिम अवसर है। दमोह में जो क्रिटिकल केसेस आते थे, उनको सागर, जबलपुर शिफ्ट करना पडता था, अब दमोह के लोगों को सुविधा

इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. अर्जुन सिंह, सीएमएचओ डॉ. राकेश राय सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे।

ग्रामीण बैक बटियागढ़ में हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बटियागढ़ में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वजारोहण तहसील के वरिष्ठ नागरिक एवं शाखा के वरिष्ठ ग्राहक गौरीशंकर असाटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक सार्थक सप्रे, हिमालय नामदेव, दिव्यांश जैन बजाज, कमलेश रैकवार सहित बीसी सहयोगी एवं शाखा के ग्राहक उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रध्वज को नमन करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

दमोह जिलावासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल जैन
प्रभारी परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना पटेरा
रामचंद्र उपाध्याय-लिपिक
समस्त पर्यवेक्षक एवं स्टाफ महिला बाल विकास पटेरा

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
हर घर तिरंगा
एच आर पांडे
नगर पुलिस अधीक्षक दमोह

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन नियमों का पालन कर जंगलों को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें
ईश्वर जरांडे
जिला वनमंडल अधिकारी

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
हर घर तिरंगा
मुकेश गूजरे
विकाखंड शिक्षा अधिकारी पटेरा

स्वतंत्रता दिवस पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद पथरिया
अपील
1. स्वच्छता सर्वेक्षण में सक्रिय भागीदारी निभायें। गीला सूखा कचरा पृथक-पृथक डिब्बे में रखे। कचरा सड़क न फेंकें। पॉलीथिन का उपयोग न करें। सम्पति कर जलकर, उपभोक्ता प्रभार आदि सभी कर समय से जमा करें।
सुंदरलाल विश्वकर्मा
अध्यक्ष
शोभारानी संतोष दुबे
उपाध्यक्ष
पीयूष अग्रवाल
सीएमओ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
डा देवी प्रसाद पटेल
महलवारा तह पथरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
हर घर तिरंगा
श्रीमति माया विश्वकर्मा
प्रभारी प्रधानाध्यापक
शासकीय पीएम श्री मिडिल स्कूल पटेरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
हर घर तिरंगा
मूसा खान
प्रभारी प्रधानाध्यापक
एकीकृत माध्यमिक शाला राजावंदी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ग्राम पंचायत भैंसा ज.पं हटा
हर घर तिरंगा
हर्षवर्धन पटैल
सचिव
अजय पटैल
सरपंच प्रतिनिधि

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
हर घर तिरंगा
सुश्री स्वीटी कोष्ठी
प्राचार्य
हाई स्कूल कोटा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
हर घर तिरंगा
रामगोपाल दहायत
प्राचार्य
शास पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल कुंडलपुर